हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 8 जुलाई 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 अविवादित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन...



07 विवेचना की निगरानी के लिए ललितपुर मॉनिटरिंग...



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय समिति बोर्ड और दल गठित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक दिव्यांगता तथा बहुदिव्यांगता वाले दिव्यांगजनो के संरक्षण, पुनर्वास एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. इस समिति के अध्यक्ष है तथा समिति में पांच अन्य सदस्य शामिल हैं। इसी प्रकार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 एवं मध्यप्रदेश दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम नियम 2017 के प्रावधानानुसार जिला सलाहकार बोर्ड का भी गठन किया गया है। यह जिला सलाहकार बोर्ड मध्यप्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियम 2017 में विहित प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगा। इस बोर्ड में कलेक्टर अध्यक्ष है तथा 11 अन्य सदस्य शामिल हैं। कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के सुचारु संचालन के लिए जिला प्रबंधन दाल भी गठित किया गया। इस दल में कलेक्टर अध्यक्ष है तथा आठ अन्य सदस्य शामिल हैं।

### जिला अस्पताल में इंसुलिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** जिला अस्पताल में इंसुलिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर.के. सिंघल ने उपस्थित नर्सिंग अधिकारियों को इंसुलिन के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ. सिंघल ने इंसुलिन के सही तरीके से प्रबंधन, निर्धारित मात्रा के अनुसार उपयोग तथा उसके उचित भंडारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंसुलिन का सही उपयोग और सुरक्षित रखरखाव मधुमेह रोगियों के बेहतर उपचार एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला चिकित्सालय के सभी नर्सिंग अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को इंसुलिन के उपयोग से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया गया, जिससे वे मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें।

### छात्रा आरोही ने जीता रजत पदक

**सीहोर।** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर की कक्षा 12वीं की छात्रा आरोही पराशर ने नेपाल के काठमांडू में आयोजित 17वीं एनएसकेए अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए काता/कुमिते टीम काता/कुमिते स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया। इस उपलब्धि से उन्होंने विद्यालय, सीहोर, जिला तथा मध्यप्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

# मुख्यालय पर 8 बाई 8 के तीन कमरों में कैद 60 बच्चों का भविष्य ट्रांसफर के डर से शिक्षक खुद जेब से भर रहे स्कूल का किराया

### भोपाली फाटक पर किराए के मकान में संचालित हो रहा सरकारी स्कूल, शिक्षक स्वयं भर रहे किराया, अफसरों को बताया जनसहयोग

**सीहोर।** कहते हैं कि दीये तले हमेशा अंधेरा होता है और इस कहावत को पूरी तरह सच साबित कर रहा है जिला मुख्यालय का एक सरकारी स्कूल। सरकार एक तरफ जहां शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए सीएम राइज जैसे बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 26 में संचालित होने वाले एक सरकारी प्राथमिक स्कूल की हकीकत बेहद चौंकाने वाली है। यहां 60 मासूम बच्चों का भविष्य महज 8 बाई 8 साइज के तीन छोटे-छोटे कमरों में सिमट कर रह गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस स्कूल को बचाने और अपने तबादले को रोकने के लिए यहां का स्टाफ खुद अपनी जेब से पैसे मिलाकर इस भवन का किराया भर रहा है।

बता दें पहले यह स्कूल वार्ड क्रमांक 26 में संचालित हो रहा था, लेकिन अब यह स्कूल भोपाली फाटक के पास एक निजी मकान के तीन कमरों में संचालित हो रहा है। इन कमरों का साइज महज 8 बाई 8 फीट है। इतने छोटे कमरों में 60 बच्चों को भेड़-बकरियों की तरह बैठना पड़ता है। इसी तंग जगह में बच्चों की पढ़ाई भी होती है और दोपहर में मध्यान्ह भोजन भी इसी उमस और संकरेपन के बीच परोसा जाता है।



**अफसरों से छिपाया सच :** इस पूरे मामले में एक और दिलचस्प बात शिक्षकों की मजबूरी से जुड़ा है। कागजों में और शिक्षा विभाग के बड़े अफसरों को यह बताया गया है कि इस भवन का किराया जनता की मदद से दिया जा रहा है। लेकिन अंदरूनी हकीकत यह है कि स्कूल स्टाफ अपने वेतन से पैसे इकट्ठा कर हर महीने मकान मालिक को किराया चुका रहा है। दरअसल शिक्षकों को डर है कि यदि स्कूल के पास भवन नहीं होगा तो विभाग इस स्कूल को किसी दूसरे सरकारी स्कूल में मर्ज कर देगा। स्कूल बंद होने या मर्ज होने की स्थिति में यहां पदस्थ शिक्षकों का तबादला किसी दूरस्थ या अन्य क्षेत्रों में कर दिया जाएगा। इसी मनचाहे ट्रांसफर से बचने के लिए शिक्षक खुद अपनी जेब ढीली कर रहे हैं।

#### बजट आया पर जमीन न मिलने से हुआ लैप्स

यह स्थिति तब है जब स्कूल के नए भवन निर्माण के लिए शासन स्तर से राशि स्वीकृत की जा चुकी थी। लेकिन सिस्टम की सुस्ती के चलते शहर में स्कूल के लिए जमीन ही चिन्हित नहीं की जा सकी। नतीजा यह हुआ कि भवन निर्माण के लिए आई लाखों रुपये की सरकारी राशि बिना इस्तेमाल हुए वापस हो गई।

#### राशि लैप्स हो गई

स्कूल भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो गई थी, लेकिन जगह चिन्हित नहीं हो पाने की वजह से राशि वापस लैप्स हो गई है। हालांकि इस स्कूल को आने वाले 10 से 15 दिन में ही सीएम राइज स्कूल में मर्ज किया जा रहा है।

**अशोक वर्मा,** बीआरसी सीहोर

#### प्रस्ताव भेजा गया है

स्कूल की वर्तमान स्थिति और आ रही दिक्कतों से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। शासन को इसका प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जल्द ही इस स्कूल को मर्ज करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**रूपश्री नागेश,** संकुल प्राचार्य

### हाईवे जाम होने से इंदौर, भोपाल और सीहोर की ओर आने-जाने वाले सैकड़ों वाहन घंटों फंसे, समझाइश के बाद माने

# खरीदी पर किसानों का महाआंदोलनः 5 घंटे हाईवे जाम, 2 हजार ट्रैक्टर उतरे, कलेक्टर को बुलाने पर अड़े

प्रदर्शन के दौरान किसानों का अनोखा विरोध भी देखने को मिला। उन्होंने सड़क पर ही कंडे जलाकर दाल-बाटी बनाई, अचार के साथ भोजन किया और चाय बनाकर पी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह क्षेत्र भैरुंदा में सोमवार को मूंग खरीदी को लेकर किसानों का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में हजारों किसानों ने 100 प्रतिशत मूंग खरीदी और प्रति एकड़ 6 क्विंटल खरीदी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर इंदौर-भोपाल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। करीब पांच घंटे तक चले इस आंदोलन से दोनों ओर लगभग पांच-पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।

सुबह से ही कृषि उपज मंडी परिसर में किसानों का जुटना शुरू हो गया था। दोपहर तक करीब दो हजार ट्रैक्टरों और एक हार्वेस्टर के साथ विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली गई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दुर्गा चौक पहुंची, जहां किसानों ने ट्रैक्टर सड़क पर खड़े कर हाईवे जाम कर दिया। आंदोलन में करीब पांच हजार किसानों के शामिल होने का दावा किया गया।

प्रदर्शन के दौरान किसानों का अनोखा विरोध भी देखने को मिला। उन्होंने सड़क पर ही कंडे जलाकर दाल-बाटी बनाई, अचार के साथ भोजन किया और चाय बनाकर पी। इसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। किसानों का कहना था कि वे अपने अधिकार और उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारी गजेंद्र जाट ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांग मूंग की शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर खरीदी और प्रति एकड़ छह क्विंटल खरीदी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि खरीदी प्रक्रिया में लागू सभी सीमाएं औरतकनीकी बाधाएं समाप्त की जाएं। किसान नेताओं ने साफ कहा कि जब तक जिला कलेक्टर स्वयं मौके पर पहुंचकर ज्ञापन स्वीकार नहीं करेंगे और ठोस आश्वासन नहीं देंगे, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा।





हाईवे जाम होने से इंदौर, भोपाल और सीहोर की ओर आने-जाने वाले सैकड़ों वाहन घंटों तक फंसे रहे। यात्री बसों, निजी वाहनों और मालवाहक ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं। आम नागरिकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया। बसों को बृहदेव पुलिया, सोठिया और नहर चौराहा मार्ग से निकाला गया, जबकि अन्य वाहनों को जुगला-बिजला मार्ग की ओर मोड़ा गया। आंदोलन को शांत कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार किसानों से बातचीत करते रहे। भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि किसान नेताओं से चर्चा की है और समाधान निकाला जाएगा।



### कलेक्टर ने किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों का किया अवलोकन

# कलेक्टर ने ग्रामीणों क्षेत्र का किया निरीक्षण अंबिया बहार तकनीक से फसलों को हुए लाभ का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

जलवायु परिवर्तन और समय पूर्व वर्षा इस साल जिले के संतरा किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनकर आई। प्री-मानसून वर्षा से मृग बहार के फूल झड़ गए और फल सेटिंग में कमी आ गई।

लेकिन विकासखंड आगर के ग्राम कुंडला खुर्द एवं हरगनखेड़ी के प्रगतिशील किसानों ने हार नहीं मानी। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में पारंपरिक मृग बहार की जगह अम्बिया बहार तकनीक अपनाई। इस नई तकनीक के परिणाम चौंकाने वाले रहे। कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को ग्राम कुंडला खुर्द पहुंचकर किसानों से चर्चा की, चर्चा मे किसानो ने बताया की गांव के किसान पिछले 3 वर्षों से लगभग 70 बीघा क्षेत्र में संतरा की अम्बिया बहार ले रहे हैं। कलेक्टर को किसानो ने कहा कि अम्बिया बहार अपनाने से प्री-मानसून वर्षा का कोई असर नहीं हुआ, उत्पादन और गुणवत्ता दोनों बढ़े, किसानों को पहले से ज्यादा और बेहतर क्वालिटी का उत्पादन मिलेगा। रोल मॉडल बने कुंडला खुर्द के किसान पूरे जिले के संतरा उत्पादकों के लिए प्रेरणा बन गए। उद्यानिकी विभाग अब इस सफल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए अन्य किसानों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दे रहा है। किसानो ने कहा ₹अम्बिया बहार से हमारी फसल सुरक्षित है। मौसम की मार से बच गए और आमदनी भी बढ़ गई।₹कलेक्टर ने मंगलवार को ग्राम कुंडला खुर्द पहुंचकर किसानों के खेतों में जाकर किसानों द्वारा अपनाई गई, अंबिया बहार तकनीक का अवलोकन किया, कलेक्टर ने किसानों के खेतों में अंबिया बहार को देखा और किसानों से चर्चा कर इस तकनीक से हुए लाभ की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपसंचालक उद्यानिकी को निर्देश दिए कि वह अन्य किसानों को भी इस तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित करें और इसके लिए कुंडला खुर्द मे एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को इस तकनीक के बारे में जागरूक करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, सहायक संचालक जनसंपर्क जगदीश चन्द्रओ मालवीय, उद्यानिकी विभाग के अर्जुन सिंह राजपूत आदि रहे मौजूद।



# मधुमक्खी पालन ईकाई व कैंडी निर्माण उद्योग का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### मधुमक्खी पालन जैसी कम लागत वाली कृषि आधारित गतिविधि से स्वरोजगार की अपार संभावनाएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को विकासखंड आगर के ग्राम खजूरी कानड़ पहुंचकर युवा उद्यमी ईश्वर राठौर द्वारा संचालित मधुमक्खी पालन इकाई एवं कैंडी निर्माण उद्योग का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उद्यमी राठौर से मधुमक्खी पालन की वैज्ञानिक प्रक्रिया, शहद उत्पादन, विपणन, कैंडी निर्माण की लागत, स्थापित मशीनरी, कैंडी निर्माण की प्रक्रिया तथा उत्पादित कैंडी के विक्रय के लिए उपलब्धल बाजार एवं हो रहे लाभ आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने मधुमक्खी पालन के साथ-साथ वैल्यू एडिशन कर कैंडी निर्माण उद्योग सफलतापूर्वक संचालित कर लाभ अर्जित करने पर युवा उद्यमी राठौर की सराहना की। उन्होंने कहा कि ईश्वर राठौर जैसे युवा उद्यमी जिले के अन्य युवाओं एवं स्वयं सहायता समूहों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। मधुमक्खी पालन जैसी कम लागत वाली कृषि आधारित गतिविधि से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं।कलेक्टर ने उद्यानिकी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सफल उद्यमियों के मॉडल को जिले भर में प्रदर्शित कर अधिक से अधिक किसानों एवं युवाओं को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराए।इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, सहायक संचालक जनसंपर्क जगदीश चंद्र मालवीय एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## झाला जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य नियुक्त



**टोंक खुर्द।** भाजपा देवास जिला अध्यक्ष डॉ. राय सिंह सेंधव की अनुशंसा तथा मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के अनुमोदन पर ग्राम भूतिया खुर्द निवासी सुरेंद्र सिंह पिता तेजसिंह झाला को उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला देवास द्वारा जिला पशु क्रूरता निवारण समिति, देवास का दो वर्षों के लिए अशासकीय सदस्य नियुक्त किया गया है। झाला की नियुक्ति पर उनके समर्थकों, इष्ट मित्रों तथा प्रदेश गो सेवक संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।उल्लेखनीय है कि सुरेंद्र सिंह झाला लंबे समय से पशु सेवा से जुड़े हुए हैं। वे वर्तमान में भी पशुपालन विभाग में गौ सेवक के रूप में कार्यरत हैं तथा पिछले करीब 25 वर्षों से पशु चिकित्सा विभाग के साथ जुड़कर निस्वार्थ भाव से पशुओं की सेवा कर रहे हैं।

## जल संचयन प्रणाली शौचालय का लोकार्पण

**देवास।** जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम सरसोदा स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय में टीएसीसी लिमिटेड के सहयोग से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निर्मित शौचालय एवं वर्षा जल संचयन प्रणाली का विद्यालय को विधिवत हस्तांतरण किया गया। इस पहल से विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध होगा, वहीं विद्यालय की छत से एकत्रित होने वाले वर्षा जल का संरक्षण भी किया जा सकेगा। इस अवसर पर टीएसीसी लिमिटेड के स्थायित्व एवं पर्यावरण, सामाजिक तथा सुशासन (ईएसजी) विभाग के वरिष्ठ अधिकारी संजय गैरोला, डॉ. सतीश सैनी, अभिनव पोखरियाल आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# अविवादित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन समय-सीमा में निराकरण करने दिए निर्देश

### सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर की जाएगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख, डिप्टी कलेक्टर प्रियल यादव, एसीईओ जिला पंचायत सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले में वर्षाकाल को देखते हुए मुख्य मार्गों पर गोवंश प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए हैं कि बरसात के मौसम में किसी भी मुख्य मार्ग पर गोवंश नहीं बैठना चाहिए। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

नालों में बाढ़ की स्थिति होने पर रपटों/पुलियाओं पर सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेड्स लगाने के संबंध में दिए गए निर्देशों के बाद भी सोनकच्छ क्षेत्र में बैरिकेटिंग कार्य में लापरवाही की गई, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार सोनकच्छ को बैरिकेडिंग कार्य में लापरवाही बरतने पर शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहकर सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। समय-सीमा बैठक में बिना किसी पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी कन्नौद अनिल जोशी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ कन्नौद को कार्य लापरवाही बरतने संबंधित शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। सिंह ने सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी और समय-सीमा (टीएल) के लंबित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में सभी विभागों का प्रदर्शन उत्कृष्ट होना चाहिए और सभी विभाग अनिवार्य रूप से 'ए-ग्रेड' में रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें। शिकायकर्ता की समस्या के कारण को समझकर शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय पर निराकरण न करने वाले और कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

इसके साथ ही, उन्होंने जिले में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिकों को चिन्हित सेवाएँ निर्धारित समय-सीमा में मिलना चाहिए। यदि कोई भी प्रकरण बिना किसी उचित कारण के समय-सीमा से बाहर होता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित समय-सीमा (टीएल) प्रकरणों की समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय पत्रों और जनहित से जुड़े लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें।

# जिला न्यायालय में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र किए वितरित

### अभिभाषक संघ ने आयोजित किया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ की निर्वाचन समिति द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के स्थानांतरण पर उनका सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। जिला न्यायालय में अभिभाषक संघ की निर्वाचन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हाल ही में संपन्न हुए चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र बापट ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत प्रमाण-पत्र सौंपे गए।इसी कार्यक्रम में देवास के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के जबलपुर स्थानांतरण के अवसर पर उनका सम्मान भी किया गया। उन्हें चुनरी ओढ़ाकर तथा मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी का चित्र भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।इस दौरान नवनिर्वाचित अभिभाषक संघ अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्यवंशी ने कहा कि उनकी पूरी टीम अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान और न्यायालयीन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी।कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत द्वारा जिले में संचालित किए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान, ऑपरेशन त्रिनेत्रम सहित अन्य नवाचारों और प्रभावी पुलिस कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसनीय बताया।कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं न्यायालय से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों ने मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**देवास।** म.प्र. आशा/आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ के बैनर तले प्रदेश आव्हान पर देवास जिला मुख्यालय पर आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री एवं मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुराधा लोधी की उपस्थिति में कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सुनीता चौहान एवं संगठन मंत्री अनिता सिंह ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों को प्रोत्साहन राशि (वेतन) का नियमित भुगतान नहीं किया जा रहा है। कई-कई महीनों तक वेतन लंबित रखा जाता है तथा भुगतान में पारदर्शिता का अभाव है। कर्मचारियों को यह जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जाती कि उन्हें कितनी राशि का भुगतान किया गया है और कितनी राशि बकाया है।

## श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का चुनरी ओडाकर किया स्वागत



**देवास।** मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण विकास एवं पंचायत तथा श्रम मंत्री प्रहलादसिंह पटेल का उज्जैन से शिप्रा जाते समय देवास जिले के ग्राम बांगर में श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने गर्मजोशी के साथ सम्मान किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सदस्य लोकेश विजयवर्गीय, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, नारायण सिंह राघौगढ़ लोधी, भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश महामंत्री माखन सिंह धाकड़, अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश पटेल, रमेश पटेल, समाजसेवी श्रीराम कुमावत, महेंद्र लोधी, विनोद पटेल गुरुजी सहित अन्य कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने मंत्री श्री पटेल का चुनरी ओढ़ाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय सम्मान किया। स्वागत के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने मंत्री श्री पटेल का अभिनंदन करते हुए प्रदेश के विकास एवं श्रमिक कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा की।

# निजी स्कूलों की मनमानी फीस, किताब-ड्रेस खरीद और आरटीई विद्यार्थियों के हितों की सुरक्षा की मांग को लेकर सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



समाजसेवी पं. रितेश त्रिपाठी ने जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर जिले के निजी विद्यालयों में मनमानी फीस वसूली, ड्रेस एवं किताबों की अनिवार्य खरीद, पुस्तकों के मूल्य में कथित अनियमितताओं तथा आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि जिले के कई निजी विद्यालय अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। आरोप है कि कुछ विद्यालय अभिभावकों को एक ही निर्धारित दुकान से ड्रेस, किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य करते हैं, जिससे उन्हें अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। साथ ही पुस्तकों के मूल्य एवं अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को लेकर भी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कई निजी विद्यालय विभिन्न मदों के नाम पर मनमाने ढंग से फीस वृद्धि एवं अतिरिक्त शुल्क वसूल रहे हैं, जिससे सामान्य एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। पं. रितेश त्रिपाठी ने मांग की है कि जिले के सभी निजी विद्यालयों की फीस, ड्रेस एवं किताबों की बिक्री व्यवस्था की जांच कराई जाए। किसी भी विद्यालय द्वारा अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य करने पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पुस्तकों के मूल्य और एमआरपी संबंधी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। आवेदन में यह भी मांग की गई कि सभी निजी विद्यालयों में शासन एवं शिक्षा विभाग के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। आरटीई के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए यह व्यवस्था की जाए कि यदि किसी विद्यालय की मान्यता समाप्त हो जाती है या उसका संचालन बंद हो जाता है, तो ऐसे विद्यार्थियों की शिक्षा बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक बोझ के अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालय में जारी रहे। आवश्यकता होने पर इस संबंध में शासन स्तर पर भी अनुशंसा भेजी जाए। इसके अलावा सभी निजी विद्यालयों में फायर सेफ्टी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से समस्त बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर दोषी संस्थानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई, ताकि अभिभावकों और विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

# बेडामऊ में वानर के 12वें पर निभाई गई पगड़ी रस्म, 1500 लोगों के लिए हुआ भंडारा

### करंट से मृत वानर का हिंदू रीति-रिवाज से किया था अंतिम संस्कार






हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

समीपस्थ ग्राम बेडामऊ में एक अनोखी और भावनात्मक पहल देखने को मिली।

यहां करंट लगने से मृत हुए एक वानर के निधन के बाद ग्रामीणों ने हिंदू परंपराओं के अनुसार पूरे 12 दिनों तक सभी धार्मिक रीति-रिवाज निभाए। मंगलवार को 12वें पर पगड़ी रस्म, सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 1500 लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

जानकारी अनुसार 26 जून को ग्राम बेडामऊ में एक वानर की करंट लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से उसका विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया तथा तीसरे दिन चंदेश्वर तीर्थ पर अस्थि विसर्जन भी किया। इसके बाद 12 दिनों तक धार्मिक परंपराओं का पालन किया गया।मंगलवार को सेंधव समाज धर्मशाला में पंडित मणिकांत उपाध्याय के सान्निध्य में विधिवत पगड़ी रस्म संपन्न हुई। इस रस्म का निर्वहन बद्रीलाल पटेल ने किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम बेडामऊ और घुरिया की भजन मंडलियों द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय पाठ भी प्रस्तुत किया गया।ग्रामीण अंतर सिंह सेंधव, राजपाल सिंह सेंधव, गोविंद सिंह सेंधव और जसपाल सिंह पटेल ने बताया कि हिंदू धर्म में जिस प्रकार किसी व्यक्ति के निधन के बाद 12वें की परंपरा निभाई जाती है, उसी भावना से वानर के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए यह आयोजन किया गया।

भंडारे में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और लगभग 1500 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। प्रसादी में मिल्क केक, जलेबी, पूरी और सब्जी परोसी गई। कार्यक्रम में थाना कमलापुर प्रभारी सजन सिंह मीणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में गूंजा साइबर सुरक्षा का संदेश

# एएसपी जैन ने बताए ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय






हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटा फोड़

चन्द्रकेशर बांध स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान के तहत प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे और उनसे बचाव के उपायों का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।एएसपी जैन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ा है। इसके साथ ही साइबर अपराधी भी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है।

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक में फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने की गलती, ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, लॉटरी और निवेश के नाम पर होने वाली ठगी जैसे मामलों का जीवंत मंचन किया। नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को बैंकिंग जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी कभी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। एएसपी जैन ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में ₹सेफ क्लिक 2.0₹ अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि पहले चरण ₹सेफ क्लिक 1.0₹ के दौरान देवास पुलिस ने साइबर ठगी के पीड़ितों के करीब 3 करोड़ 60 लाख रुपये वापस दिलाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की थी।उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चला रही है, ताकि नागरिक ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रह सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ समाज में सकारात्मक संदेश भी पहुंचाते हैं।

## साइबर जागरूकता मैराथन: विजेताओं को हेलमेट किए वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

आमजन को साइबर अपराधों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा लगातार विभिन्न अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के निर्देशन में थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम मातमोर में साइबर जागरूकता अभियान 2026 (2.0) के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।मैराथन दौड़ इंदौर-बैतूल हाईवे मार्ग से प्रारंभ होकर गांव स्थित भारत माता प्रतिमा तक आयोजित की गई।

इसमें बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम 10 प्रतिभागियों को थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा द्वारा हेलमेट वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचाव, ऑनलाइन लेनदेन में सावधानी बरतने तथा यातायात नियमों का पालन करने के साथ हेलमेट पहनने के महत्व की जानकारी दी गई।

खबर संक्षेप

### बुजुर्ग किसान को दी धमकी, चार पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विरारी में जमीनी विवाद को लेकर एक बुजुर्ग किसान को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव के ही चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम विरारी निवासी कन्छेदी पुत्र विज्जा ने बताया कि वह ग्राम स्थित आराजी संख्या 893/2 पर वर्ष 1991 से लगातार काबिज हैं और उसी भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनका आरोप है कि पड़ोसी पिछले कई महीनों से उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं तथा खेती करने में लगातार बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। 4 जुलाई की शाम करीब पांच बजे वह अपनी जमीन पर कृषि कार्य के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे एवं धारदार हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और दोबारा जमीन पर आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर ग्राम विरारी निवासी कृपाल पुत्र वृन्दावन, पूरन पुत्र वृन्दावन, आशीष पुत्र कृपाल तथा मनीष उर्फ मानसिंह पुत्र पूरन के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत किया है।

### मवेशी चोरी के संगठित गिरोह का खुलासा, दो मामलों में एफआईआर

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र में मवेशी चोरी के दो अलग-अलग मामलों में एक ही गिरोह के शामिल होने की आशंका के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। 6 जुलाई को दर्ज दो अलग-अलग एफआईआर में कई समान आरोपियों के नाम सामने आने से यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला ग्राम खांदी मजरा टेकरी का है, जहां निवासी रोहित यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि 5 मई को उनके घर के बाहर बंधे एक बकरे और एक बकरी की चोरी हो गई। काफी तलाश के बाद उन्होंने कुछ लोगों पर संलिप्तता का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। दूसरा मामला ग्राम करेंगा का है, जहां किसान तुलसी सहरिया ने आरोप लगाया कि 13 जून की रात उनके खेत पर बने कुएं से छह बकरियां चोरी कर ली गईं। उन्होंने भी खोजबीन के बाद कुछ लोगों के नाम पुलिस को बताए, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों एफआईआर में सुखपाल सिंह राजा, नरेन्द्र सिंह, कल्लू कुशवाहा, पुष्पेन्द्र सिंह राजा, अकबर कुरैशी, नेता सेन, शाहरुख कुरैशी और राघवेन्द्र यादव सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों के नाम सामने आए हैं। पहले मुकदमे में आकाश नामक एक आरोपी का नाम भी शामिल है। समान आरोपियों के नाम सामने आने के बाद पुलिस दोनों घटनाओं के बीच संभावित संबंधों की भी जांच कर रही है।

## जिलाधिकारी ने योजनाओं की समीक्षा में दिए निर्देश

# राशनकार्ड सत्यापन में डिलीट होंगे मृतक और बाहरी निवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मंगलवार को जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया गया कि वर्तमान में नगरीक्ष में 70 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 67 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 79 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 79 प्रतिशत जनसंख्या को आच्छादित किया जा चुका है, इस प्रकार वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र का लक्ष्य पूर्ण है। माह अप्रैल, मई एवं जून 2026 में आवश्यक वस्तुओं के वितरण पर निगरानी रखते हुये अनियमित्तायें पाये जाने पर 04 उचित दर दुकानें निलम्बित, 05 दुकानें निरस्त एवं 02 विक्रेताओं के विरूद्ध एफ०आई०आर० दर्ज करायी गयी तथा 8000 रू० जुर्माना जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ब्लाक जखौरा में ग्राम महरौनीखुर्द, ब्लाक तालबेहट में ग्राम म्यावं, राजपुर, बिगारी, गेवरा गुन्देरा, बम्हौरीसर, ब्लाक मडावरा में ग्राम जमौरा, ब्लाक बिरधा में ग्राम पाली ग्रामीण, बछलापुर तथा ब्लाक महरौनी में ग्राम जरया में उचित दर दुकान हेतु ग्राम सभा का प्रस्ताव कराया जाना है, जिस पर संबंधित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

### 762 सदस्यों/यूनिटों में आधार सीडिंग किया जाना अवशेष

आधार सीडिंग की समीक्षा में पाया गया कि प्रचलित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो के सापेक्ष कुल 762 सदस्यों/यूनिटों में आधार सीडिंग किया जाना अवशेष है, जिसकी समीक्षा सी०एम० डैसबोर्ड में भी होती है। इसके अतिरिक्त प्रचलित राशन कार्डो के सापेक्ष वर्तमान में 46981 सदस्यों/यूनिटों की ई-के० वाई०सी० कराया जाना है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त सूची का सत्यापन कराकर मृतक एवं ग्राम में निवासरत न होने वाले यूनिटों को डिलीट करने हेतु निर्देशित किया गया तथा यह भी निर्देशित किया गया कि जिन व्यक्तियों/सदस्यों की ई०के०वाई०सी० नही हो रही है, वह डाकघर/तहसील आदि में आधार कार्ड का वायोमेट्रिक अपडेशन करा लें जिससे राशन कार्ड में ई०के०वाई०सी० हो जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे शहरी व ग्रामीण अंचलों में सर्वे के आधार पर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। इसके उपरांत जनसुविधा केन्द्र/लोकवाणी केन्द्र के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की गयी, जिसमें 3079 आवेदन पत्र वर्तमान में लम्बित है, मौके पर उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि पिछले तीन माह (अप्रैल, मई, जून 2026) में 6446 नवीन राशन कार्ड जारी किये गये। वर्तमान में उचित दर दुकानों के संचालन हेतु अन्नपूर्णा भवन/मॉडल शॉप का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत 74 दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है और वर्तमान में 79 दुकानों का निमार्ण कार्य प्रक्रियाधीन है और 71 दुकानों हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। अन्त में सभी का अभार व्यक्त किया गया।

बैठक में अध्यक्ष नपा परिषद सोनाली जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नपपरिषद दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार मंडल सुरेशचन्द्र जैन बडेरा, जिला समन्वयक आईसीडीएस भरतलाल एवं जिला पूर्ति अधिकारी उमेश मिश्र उपस्थित थे।

## ऑनलाइन से हाईटेक बनी ललितपुर पुलिस की बड़ी पहल

# विवेचना की निगरानी के लिए ललितपुर मॉनिटरिंग डैशबोर्ड का किया शुभारंभ

### एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने किया वर्चुअल उद्घाटन, लंबित विवेचनाओं पर अब होगी रियल टाइम निगरानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में अपराधों की विवेचना को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में ललितपुर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विवेचनाओं की ऑनलाइन निगरानी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ललितपुर मॉनिटरिंग डैशबोर्ड का वर्चुअल शुभारंभ मंगलवार को कानपुर जोन की अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ ने किया।

इस अवसर पर झांसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) आकाश कुलहरि एवं पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो. मुश्ताक सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस विभाग के अनुसार यह डिजिटल डैशबोर्ड विवेचनाओं की लगातार मॉनिटरिंग, समय-सीमा के भीतर निस्तारण तथा अधिकारियों की जवाबदेही तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से 60 एवं 90 दिनों की समय-सीमा वाली विवेचनाओं की अलग-अलग निगरानी की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न हो और न्यायिक प्रक्रिया को गति मिल सके। डैशबोर्ड की सहायता से विवेचक, थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक स्तर तक रियल टाइम मॉनिटरिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। समय-सीमा के निकट पहुंचने वाली लंबित विवेचनाओं की पहचान कर उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को समय रहते अलर्ट भी प्राप्त होंगे।

डैशबोर्ड की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्हाट्सएप आधारित स्वचालित अलर्ट प्रणाली है। इसके माध्यम से विवेचक (आईओ), थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को लंबित विवेचनाओं की स्थिति से संबंधित स्वतः सूचना भेजी जाएगी, जिससे समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। मुख्य डैशबोर्ड पर सभी लंबित विवेचनाओं को ग्रीन, येलो और रेड जोन में वर्गीकृत किया गया है। इससे अधिकारियों को एक नजर में यह पता चल जाएगा कि कौन-सी विवेचना समय-सीमा के भीतर है, कौन-सी समय-सीमा के करीब पहुंच रही है और किन मामलों में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। इसके अलावा 60 एवं 90 दिवस की विवेचनाओं को अलग-अलग पाई चार्ट के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया है। डैशबोर्ड में सभी आंकड़ों को हाइपरलिंक के माध्यम से एक क्लिक पर एक्सेल शीट में एक्सपोर्ट करने की सुविधा दी गई है। साथ ही पार्ट पेंडिंग विवेचनाओं का अलग विवरण, अपराध श्रेणीवार लंबित मामलों की सूची, थानों की टॉप-5 एवं बॉटम-5 ऑटोमेटिक रैंकिंग, विवेचकवार प्रदर्शन तथा उपयोगकर्ताओं की लॉगिन रिपोर्ट भी उपलब्ध रहेगी। इससे पर्यवेक्षण अधिकारियों को कार्यों की नियमित समीक्षा और जवाबदेही तय करने में आसानी होगी।

## समस्याओं से मिलेगी राहत

# वार्ड 5 व 11 में किया करोड़ों की परियोजनाओं का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद ने नगर के आधारभूत विकास को गति देते हुए वार्ड नंबर 11 (सिविल लाइन) और वार्ड नंबर 5 (झांसीपुरा) में करोड़ों रुपये की लागत से कराए जाने वाले सीसी सड़क, नाली, नाला एवं फुटपाथ निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन कराया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड पार्षद मुस्तफ़ा खान और जानकी प्रसाद के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के बीच विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर नगर में लगातार हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। लोगों ने कहा कि लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्याओं से जूझ रहे क्षेत्र को इन परियोजनाओं से बड़ी राहत मिलेगी तथा बरसात में जलभराव की समस्या का भी समाधान होगा। वार्ड नंबर 11 में डाइट के सामने से सदनशाह चौराहे तक नाला निर्माण, सदनशाह चौराहे से पिसनारी तिराहे तक फुटपाथ निर्माण तथा के.के. जैन हॉस्पिटल के समीप नहर पर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। वहीं वार्ड नंबर 5 के झांसीपुरा क्षेत्र में पिसनारी बयाना नाला से आगे तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर का प्रत्येक वार्ड उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है और



प्रत्येक नागरिक तक बेहतर आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य कराना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना लक्ष्य है जिससे नागरिकों का जीवन अधिक सुरक्षित, सरल और सुविधाजनक बन सके। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए नगर के सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मुस्तफ़ा खान, जानकी प्रसाद, सफाई निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, अवर अभियंता खुशबू खान, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, हेड सुपरवाइजर संजय कुमार, बद्री कुशवाहा, स्वास्थ्य नायक सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नवगठित कार्यकारिणी ने की समाधान के लिए डीपीआरओ से शिष्टाचार भेंट

## संगठन को ग्राम पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी परिषद, जनपद ललितपुर की नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिला पंचायत राज कार्यालय पहुंचकर जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) से शिष्टाचार भेंट की।



इस दौरान उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी परिषद के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश (जेपी) कुशवाहा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने डीपीआरओ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। बैठक के दौरान परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं कर्मचारी हितों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान, विभाग और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा सकारात्मक कार्य वातावरण बनाए रखने पर भी विचार-विमर्श किया गया। परिषद के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश (जेपी) कुशवाहा ने कहा कि संगठन ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि परिषद को जनपद के सभी विकासखंडों एवं ग्राम पंचायत स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा, ताकि कर्मचारियों की आवाज को प्रभावी ढंग से शासन एवं प्रशासन तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रसाद कुशवाहा, जिला महामंत्री ताहर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष बृजलाल प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष राज करन एवं निखिल पिहाल, संगठन मंत्री निर्मल, नगर सचिव अरुण कुमार, जिला सम्प्रेक्षक बृजेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी शादाब खां, प्रचार प्रमुख जय हिन्द यादव सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस में बुजुर्ग दंपती का पर्स चोरी

**ललितपुर।** नई दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन से हैदराबाद जा रही 22692 केएसआर बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे पंजाब के एक बुजुर्ग दंपती का लाखों रुपये मूल्य के आभूषण, आईफोन और नगदी से भरा लेडीज पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर जीआरपी थाना ललितपुर ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब निवासी अशोक गनडोरा अपनी पत्नी पूनम के साथ राजधानी एक्सप्रेस के ए-2 कोच की सीट संख्या 1 और 3 पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उनकी पत्नी ने अपना भूरे रंग का लेडीज पर्स सिरहाने रख दिया था। बताया गया कि 12 जून की रात करीब 1:30 बजे, जब ट्रेन झांसी रेलवे स्टेशन के आसपास थी, तब उनकी नींद खुली तो पर्स गायब मिला। दंपती ने कोच में काफी तलाश की, लेकिन पर्स का कोई पता नहीं चला। इसके बाद रेलवे हेल्पलाइन 139 पर घटना की सूचना दी गई। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, चोरी हुए पर्स में हीरे और सोने के आभूषण, मोती के सेट, एक एप्पल आईफोन तथा आठ हजार रुपये नकद रखे थे। पीड़ित ने सामान की कुल कीमत लगभग 13 लाख रुपये से अधिक बताई है। जीआरपी थाना ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है।

## 15 से व्यापार शुरू की तैयारी

# डीएम को नई मंडी शिफ्टिंग का सौंपा 9 सूत्रीय मांग पत्र

### छूटे व्यापारियों को दुकान आवंटन और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अमरपुर स्थित नवीन मंडी परिसर में फल एवं सब्जी व्यापारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया के बीच सोमवार को फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति, ललितपुर ने जिलाधिकारी को 9 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर व्यापार शुरू होने से पहले आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की।

समिति ने लॉटरी प्रणाली से हुए दुकान आवंटन पर सहमति जताते हुए कहा कि जिन व्यापारी भाइयों को किसी कारणवश दुकान आवंटित नहीं हो सकी है, उन्हें भी अगले तीन दिनों के भीतर दुकानें आवंटित की जाएं, ताकि सभी व्यापारी एक साथ नए परिसर में अपना कारोबार शुरू कर सकें। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद जमा राईन एवं महामंत्री रघुवीर कुशवाहा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रशासन द्वारा 1 एवं 2 जुलाई को लॉटरी के माध्यम से दुकान आवंटन कराया गया, जिसका व्यापारी स्वागत करते हैं। हालांकि कुछ व्यापारी सूची से बाहर रह गए हैं, जिन्हें भी समान अवसर मिलना चाहिए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 22 जून को प्रशासन और व्यापारियों के बीच हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि प्रत्येक थोक व्यापारी को केवल एक दुकान ही आवंटित की जाएगी। इसके बावजूद कुछ व्यापारियों को दो-दो दुकानें आवंटित कर दी गईं, जो तय नियमों के विपरीत है। समिति ने ऐसे अतिरिक्त आवंटनों को निरस्त कर पात्र व्यापारियों को दुकानें देने की मांग की है। व्यापारियों ने मांग पत्र में कहा कि जहां चुनाव संबंधी ईवीएम मशीनें सुरक्षित रखी जाती हैं, वहां स्थित 'ए' श्रेणी की दुकानों का आवंटन किसी अन्य व्यक्ति को न किया जाए।

भविष्य में यदि ईवीएम वहां से हटती भी हैं तो इन दुकानों का उपयोग केवल फल एवं सब्जी व्यापारियों के हित में किया जाए। व्यापारियों ने नई मंडी परिसर में व्यापार शुरू करने से पहले सफाई, अतिक्रमण हटाने, दुकानों तक बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने, किरायानामा एवं अनुबंध प्रक्रिया पूरी कराने, निर्धारित शुल्क ही लिए जाने, वर्षा ऋतु में फल-सब्जियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम तथा फोरलेन हाईवे पर स्थित मंडी के मुख्य प्रवेश मार्ग पर रोड कट, संकेतक बोर्ड और सुरक्षित यातायात व्यवस्था कराने की मांग भी प्रशासन से की। समिति ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 13 जुलाई को नवीन अमरपुर मंडी परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## भू माफिया पर लगे आरोप

# अवैध कॉलोनी बनाकर सैकड़ों परिवारों की राह और नाली बंद



**ललितपुर ।** शहर के आजादपुरा तृतीय (डैम रोड) क्षेत्र में अवैध कॉलोनी निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। वार्ड नंबर-16 के दर्जनों स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि कृषि भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही है, जिसके चलते वर्षों पुराने सार्वजनिक रास्ते और पानी निकासी की नाली को बंद कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों का आवागमन प्रभावित हो गया है और जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, गोविंद सागर डैम रोड स्थित रेस्ट हाउस के पीछे स्थित कृषि भूमि, जो श्रीमती गिरजा पत्नी खुशीलाल, हरि कुशवाहा एवं अमित कुशवाहा के नाम दर्ज बताई गई है, पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान पारंपरिक रास्ते और नाली को मलबा डालकर बंद कर दिया गया, जिससे क्षेत्र के लगभग 300 से 400 मकानों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी मार्ग से वर्षों से लोगों का आवागमन और बरसात व घरेलू उपयोग का पानी निकाला जाता था। रास्ता बंद होने से पानी खाली प्लॉटों और घरों के आसपास भर रहा है।

## 11 को होगा महा पौधरोपण अभियान, 1.04 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य

# वृक्ष लगाना ही नहीं, संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी : डीएम

### सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित, 10 जुलाई तक पौध उठान और जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




प्रदेश सरकार के 35 करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत जनपद ललितपुर को 1 करोड़ 4 लाख 53 हजार 400 पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की तथा सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित करते हुए समयबद्ध ढंग से अभियान पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का जनआंदोलन है। जिस प्रकार प्रकृति हमें जीवन प्रदान करती है, उसी प्रकार प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग 10 जुलाई तक हर हाल में पौध उठान की प्रक्रिया पूरी करें तथा निर्धारित स्थलों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पौधे का रिकॉर्ड तैयार किया जाए तथा स्थलवार जियो टैग्ड फोटो केंद्र सरकार के मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड करने के लिए नोडल विभाग को उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही हरितिमा एप के माध्यम से भी पौधारोपण स्थलों की जियो टैगिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य ने बताया कि जनपद में कुल 1 करोड़ 4 लाख 53 हजार 400 पौधे लगाए जाएंगे। इनमें वन विभाग द्वारा 51 लाख 80 हजार तथा अन्य विभागों द्वारा 52 लाख 73 हजार 400 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों को अलग-अलग लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से ग्राम्य विकास विभाग को 26.23 लाख, कृषि विभाग को 8.12 लाख, उद्यान विभाग को 4.04 लाख, पंचायती राज विभाग को 2.88 लाख, पर्यावरण विभाग को 2.07 लाख, राजस्व विभाग को 2.02 लाख सहित अन्य विभागों को भी उनकी क्षमता के अनुरूप पौधारोपण के लक्ष्य सौंपे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि वृक्षारोपण के लिए स्थलों का चिन्हीकरण किया जा चुका है तथा विभागों द्वारा पौध उठान की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जनपद में व्यापक स्तर पर हरियाली बढ़ाई जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश भारती, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### उद्यान विभाग के पौधरोपण में जिला पंचायत अध्यक्ष ने रोपे पौधे



**ललितपुर ।** उद्यान विभाग द्वारा कम्पनी बाग परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम वृक्षारोपण हेतु पधारे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत कैलाश नारायण निरंजन जी द्वारा फलदार पौधें आम, कटहल के पौधों का रोपण किया। जिला उद्यान अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि उद्यान विभाग ललितपुर को प्राप्त वृक्षारोपण का लक्ष्य 4,04,000.00 पौध रोपण को शासन के दिशा-निर्देश के अनुरूप पूर्ण किया जायेगा विभाग द्वारा पौध रोपण हेतु इच्छुक किसानों का चयन किया गया है किसानों को आम, अमरूद, नींबू, कटहल, जामुन, सहजन आदि के निःशुल्क पौधों का वितरण किया जा रहा है साथ ही पौधों की सुरक्षा हेतु जागरूक किया जा रहा है। फलदार वृक्षारोपण करने से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपना जीवन देश को समर्पित किया: अमित शर्मा



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर गाय को खिलाया चारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा ने भाजपा कार्यालय में सोमवार को प्रख्यात राष्ट्रवादी नेता और भारतीय जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री, मंडल प्रभारी पंडित अमित शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड के पास पहुंचकर गाय को चारा खिलाया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा पूर्व जिला महामंत्री अमित शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को एक दूरदर्शी शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और भारत की एकता व अखंडता का सशक्त प्रहरी थे। मुखर्जी ने कश्मीर की आजादी का जो सपना देखा था वो आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया और कश्मीर को भारत अंग बनाया और धारा 370 हटाकर एक देश एक निशान की लागू किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलकर भारत को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने राष्ट्र सेवा, समाज कल्याण और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश प्रभारी गोपाल जाटव, पूर्व भाजपा जिला मंत्री सविता तायल, पूर्व अजजा राम भील, पार्षद मंडल उपाध्यक्ष रूचि बंडोने, पूर्व पार्षद आशा शर्मा राजेंद्र शर्मा, भाजपा मंडल मंत्री पुलकित साहू, दिनेश यादव निवानिया, गोलू सेन, गगन चैहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### नाराजगी जताते हुए विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा

# स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में सर्व समाज ने करणी सेना के नेतृत्व में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



स्मार्ट मीटर से बढ़े हुए बिजली बिलों, बार-बार हो रही विद्युत कटौती तथा विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में सोमवार को करणी सेना के तत्वावधान में सर्व समाज ने विशाल रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी महाराणा प्रताप चैराहे पर एकत्रित हुए, जहां से हाथों में तख्तियां लेकर और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों भेरू दरवाजा, तरुण चैराहा, मुखर्जी चैक, सदर बाजार एवं गांधी चैक से होते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचे। विद्युत कार्यालय पहुंचने पर करणी सेना राजगढ़ जिलाध्यक्ष मयंक प्रतापसिंह के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के एई विद्यासागर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों की निष्पक्ष जांच, बिना सूचना बिजली कटौती पर रोक, उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की गई। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने विद्युत विभाग के लाइनमैन सहित कुछ कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं किया जाता। प्रदर्शन के दौरान नगर की किन्नर आंटी ममता के साथ पूर्व में विद्युत विभाग के एक गार्ड द्वारा किए गए कथित अभद्र व्यवहार का मुद्दा भी उठाया गया तथा प्रदर्शनकारियों के विरोध के बाद संबंधित गार्ड से माफी मंगवाई गई। वहीं वही हितग्राही सुमित्रा मेवाड़ा ने बताया कि उनके घर का बिजली बिल 5 हजार रुपए से अधिक आया जबकि पहले कभी इतना बिल नहीं आया कांग्रेस नेता अखलेश राठी ने कहा कि पिछले पांच महीनों से मीटर की रीडिंग शून्य दिखाई गई और छठे महीने बिल जारी कर 360 यूनिट जोड़कर बिल जारी कर दिया गया,इसे विभागीय लापरवाही बताते हुए इसकी जांच की मांग की,रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता अखलेश राठी, गौरव शर्मा, कैलाश राजपूत, तहसील अध्यक्ष शेरू बना, जयपाल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष विष्णु बना, हर्षवर्धन सिंह, ब्लॉक मीडिया प्रभारी अंकुश बना, तहसील मीडिया प्रभारी विजय राज सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

**इनका कहना है...**

स्मार्ट मीटर शासन के आदेश से लग रहे,स्मार्ट मीटर से हितग्राहियों को कई प्रकार की सुविधा है. रही बात विद्युत बिल की तो जांच करवाई जाएगी।

-विद्या सागर मिश्रा, एई विद्युत विभाग सारंगपुर।

# क्रेशर मशीन संचालक के खोदे गए 25 फीट गहरे गड्ढे में महिला सहित दो बच्चों की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



समीपस्थ ग्राम जगनियापुरा में सोमवार को एक महिला और दो मासूम बच्चों की मौत क्रेषर मशीन संचालक द्वारा खोदे गए करीब 25 फीट से अधिक गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूब जाने का मामला सामने आया है। राजगढ़ जिले के ब्यावरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगनियापुरा में हुए एक दर्दनाक हादसा ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है।

जानकारी अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही ब्यावरा थाना प्रभारी शिवराज सिंह चैहान अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों शवों को पानी से बाहर निकलवाया और एम्बुलेंस के माध्यम से शासकीय अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया, जहां शवों का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### मासूम बच्चों को देख हर किसी की कांप गई रूह

मृतकों की पहचान सायरा बाई (30 वर्ष), नेब्रेन पारधी (6 वर्ष) और निभ्रता पारधी (9 वर्ष) निवासी कड़िया, थाना बड़ा बैरसिया, जिला भोपाल के रूप में हुई है। लेकिन जब इनके शवों को पानी से बाहर निकाला और उठाकर एंबूलेंस में रखा गया, तो मां के साथ मासूक बच्चों के शव को देखकर हर किसी की रूह कांप गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र में शौक की लहर फैला दी। बताया जा रहा है कि मृतक परिवार पिछले लगभग तीन वर्षों से जगनियापुरा क्षेत्र में रहकर कबाड़ बीनने और मजदूरी का कार्य कर रहा था। फिलहाल ब्यावरा सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

# बस स्टैंड पर मारपीट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज. सुठालिया।** बस स्टैंड पर फल की कैरेट को लेकर हुए विवाद में मारपीट करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दो आरोपी अभी फरार हैं। 5 जुलाई की शाम करीब 6.10 बजे सेलिब्रेशन गार्डन रोड निवासी बबलू केवट, मनीष केवट और जगदीश उर्फ चिंटू ने भोजपुरिया निवासी योगेश तोमर 28 से विवाद किया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज कर डंडे और पाइप से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सुठालिया में अपराध क्रमांक 274/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी के निर्देश पर एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनिल राहोरिया की टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी बबलू केवट को बस स्टैंड से पकड़ लिया। उस पर बीएनएसएस के तहत प्रकरण बनाकर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण

**कालापीपल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 09 जुलाई 2026 को कालापीपल तहसील में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए



कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी, कलेक्टर ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर बाफना ने निरीक्षण के दौरान हेलीपेड, रोड शो मार्ग तथा कार्यक्रम से संबंधित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। कलेक्टर बाफना ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने, कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर बाफना एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती शुक्ला ने जनपद पंचायत कालापीपल के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा कर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### संगोष्ठी के साथ पौधरोपण

# माय युवा भारत संगठन ने रामपुर में मनाई डॉ. मुखर्जी की जयंती



**आरोन।** भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित माय युवा भारत संगठन के अंतर्गत, जिला युवा अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम रामपुर आरोन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य बाला श्री राव, विशेष अतिथि शिक्षक राम प्रकाश शर्मा पतलेश्वर तथा अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी बृजेश राव रहे। अतिथियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

संगोष्ठी में वरिष्ठ वक्ता बृजेश राव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके सकारात्मक आंदोलनों और विकसित भारत की संकल्पना में निभाई अग्रणी भूमिका के बारे में युवाओं को प्रेरित किया। इसके बाद उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे भी रोपे गए। इस आयोजन में युवा साथी रिंकू शर्मा का विशेष सहयोग रहा, जबकि कार्यक्रम का सफल संयोजन नारायण युवा मंडल द्वारा किया गया।

### कार्रवाई की मांग की

# पेड़ काटे जाने के बाद पक्षियों का आशियाना तक उजड़ा

**अशोकनगर।** अशोकनगर स्थित जिला चिकित्सालय परिसर में सिविल सर्जन के निर्देश पर दिनांक 5.17/ इसको परिसर में स्थित कई गुलमोहर के वृक्षों की कटाई/अत्यधिक छंटाई कराई गई। उक्त वृक्षों पर बड़ी संख्या में कैटल एग्रेट ने प्रजनन के लिए घोंसले बना रखे थे। वृक्षों की कटाई/छंटाई के परिणामस्वरूप अनेक घोंसले नष्ट हो गए, अंडे टूट गए तथा अनेक चूजों की मृत्यु हो गई। इस घटना के फोटोग्राफ संलग्न हैं, जिनसे प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट होता है कि सक्रिय प्रजनन काल के दौरान पक्षियों के घोंसलों, अंडों एवं चूजों को गंभीर क्षति पहुँची है। वर्तमान समय कैटल एग्रेट का प्रजनन काल है। इस अवधि में यह पक्षी वृक्षों पर सामूहिक रूप से घोंसले बनाकर



अंडे देते हैं तथा अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे समय में घोंसलों वाले वृक्षों की कटाई अथवा अत्यधिक छंटाई से न केवल पक्षियों के अंडे एवं चूजे नष्ट होते हैं, बल्कि उनके प्राकृतिक आवास का भी विनाश होता है। कैटल एग्रेट वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-ए (भाग-ठ), प्रविष्टि क्रमांक 29 में सूचीबद्ध एक संरक्षित वन्य पक्षी है। अतः इसे तथा इसके अंडों, चूजों एवं प्राकृतिक आवास को विधिक संरक्षण प्राप्त है।

# निशुल्क शिविर में 258 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जी.के. परिवार द्वारा स्मृति शेष सूरजबाई जैन की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में जैन मिलन सेंट्रल एवं विमर्श जागृति मंच हरिभूमि न्यूज ▶▶ के सहयोग से रविवार को जी. के. मैरिज गार्डन में स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में नगर के सुप्रसिद्ध डॉ. डी.के. जैन ,डॉ.नीतेश जैन,डॉ. प्रेम विश्वास, डॉ.पारस जैन,डॉ. दीपक जैन एवं डॉ. नीलेश जैन द्वारा 258 मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया।

रोगियों के ब्लडप्रेशर की जांच की गई तथा आवश्यक होने पर ब्लड शुगर की भी जांच की जाकर सभी रोगियों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। शिविर संयोजक भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने बताया कि कैंची परिवार के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में भारी संख्या में वीर बन्धुओ ने सहभागिता की। जैन मिलन सेंट्रल के अध्यक्ष अतुल बंसल,मंत्री मनोज जैन बहादुरपुर, कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी,विमर्श जागृति मंच के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन मोहरी,महेंद्र कडेसरा,प्रमोद छाया, अनूप बाबू आदि ने सभी सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को माल्यार्पण एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। दिनेश गुप्ता, बबलेश नामदेव एवं रमेश प्रजापति का दवा वितरण में विशेष सहयोग रहा उन्हें भी सम्मानित किया गया। इसी के साथ भारतीय जैन मिलन के आव्हान पर जैन सम्राट गौरव वर्ष के अंतर्गत सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य,सम्राट कुमार पाल,सम्राट सम्प्रति एवं रानी अब्बका पर राष्ट्रीय मंत्री नरेशचंद जैन ,क्षेत्रीय मंत्री निर्मल जैन मिर्ची, विनोद जैन भारिल्ल एवं सचिन सर्राफ द्वारा उदबोधन दिए गए।

# जिला पत्रकार संघ ने बलवीर पर दर्ज किए मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला पत्रकार संघ ने पत्रकार बलवीर सिंह यादव पर दर्ज किए गए मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। फर्जी बताते जांच कर मामला निरस्त किए जाने की मांग की है। ज्ञात हो कि थाना चन्देरी में अपराध क्रमांक 369/26 पर 30/06/2026 को मुकदमा एससी एसटी एक्ट के तहत दर्ज हुआ है जो पूरी तरह से झूठा है जो व्यक्ति सुजान पुत्र ठलु आदिवासी उत्तरप्रदेश के बालाबेहट का निवासी बताया गया है बो फर्जी है जबकि हाल निवास ग्राम ख़ाकरोंन बताया गया है बो भी गलत है इस नाम के व्यक्ति गांव में कोई नहीं है। 7 जून का घटनाक्रम विक्रमपुर तिराहा बताया गया है जो चौकी के सामने है जबकि पुलिस चौकी में सभी जगह कैमरे लगे हुए है घटना अगर सच है तो कैमरों में कैद होगी। घटना दिनांक 7 जून को बलवीर सिंह यादव को पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक मीना के द्वारा फोन करके बुलाया गया था जो ललितपुर के कोई बुंदेला आए हैं आपके खिलाफ आवेदन दिया है उससे संबंधित है तब बलवीरसिंह यादव चौकी पर पहुचे ओर उस आदिवासी से सिर्फ पूछा कि क्या बलवीरसिंह को जानते हो तब उसने मना कर दिया कि में नही जानता। लेकिन यह पूछा कि भाई आवेदन क्यों दिया तो उसने ऐसे किसी भी आवेदन से मना कर दिया फिर बो लोग थाने में चले गए और पुलिस चौकी प्रभारी विक्रमपुर एसआई जूली रघुवंशी सुजान आदिवासी के कथन लिए ओर विडियो ग्राफी की ऐसी किसी भी गालीगलौज ओर मारपीट की घटना से इनकार किया गया। जिसकी वीडियो और लिखित व्यान जूली रघुवंशी के पास है। उस घटना के संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी चन्देरी प्रशांत यादव ने दिनांक 30 जून को रात्रि 8 बजे के लगभग 23 दिनों बाद बलवीरसिंह यादव और अन्य तीन व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया जो सरासर झूठा ओर फर्जी है। बलवीरसिंह यादव एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि हैं जो ग्राम पंचायत खागल दुधराई से सरपंच हैं सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हैं।

### यादव महासभा ने ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया

यादव महासभा ने उक्त मामले में एसपी राजीव कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है और कहा है कि बलवीर सिंह यादव पर जो मामला दर्ज किया गया है, वह पूरी तरह फर्जी है इस घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए। और थाना प्रभारी को गलत मामला दर्ज करने के लिए हटाया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में यादव महासभा के प्रतिनिधि मौजूद थे, घटना 7 जून की है और मामला 30 जून को दर्ज किया गया। न कोई घटना हुई है यह पूरी तरह फर्जी कहानी गढ़ी गई है, यह प्रकरण राजनैतिक द्वेष के अंतर्गत दर्ज किया गया है। इस दौरान एसपी ने जिला पत्रकार संघ और राज्य यादव महासभा के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और एसडीओपी को जांच का जिम्मा सौंपा जाएगा।

## रघुवंशी समाज के चुनाव 8 जुलाई को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में होंगे

**अशोकनगर।** रघुवंशी समाज के चुनाव 8 जुलाई को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी शहवाजपुर ने बताया कि रघुवंशी समाज के संगठन को और अधिक सशक्त एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से समाज के नवीन पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु चुनाव का आयोजन दिनांक 08 जुलाई 2026 को रघुवंशी धर्मशाला में किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया समाज के वरिष्ठजनों एवं चुनाव समिति की देखरेख में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न होगी। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष, पद के लिए निर्वाचन किया जाएगा। समाज के सभी सम्मानित रघुवंशी समाज से आग्रह है कि निर्धारित समय पर रघुवंशी धर्मशाला पहुँचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर समाज के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। आयोजकों ने कहा कि सौहार्द, अनुशासन बनाए रखते हुए चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाएंगे।

### शिलालेख गायब होने से नाराजगी

# जिला पत्रकार संघ ने स्टेशन मैनेजर को ज्ञापन सौंपा



**अशोकनगर।** जिला पत्रकार संघ सोमवार को भोपाल रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक को पत्र सौंपकर लोकार्पण से पूर्व इन धरोहरों को ससम्मान पुनर्स्थापित करने और स्टेशन की अंधकारमयी प्रकाश व्यवस्था को सुधारने की मांग की है।

### गायब हुए इतिहास के ये गौरव-पुंज

पत्रकार संघ ने चेतावनी दी है कि विकास की ओट में क्षेत्र की राष्ट्रीय अस्मिता और लोक-भावनाओं को कुचला जा रहा है। स्टेशन परिसर से निम्नलिखित प्रमुख विभूतियों के शिलालेख नदारद कर दिए गए हैं। कहा गया कि अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के पुरोधा और स्वाधीनता संग्राम के महानायक। अमर शहीद शशिन्द्र सिंह राणा भारत-पाक युद्ध के वीर सपूत, जिन्हें तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने दिल्ली में वीर चक्र से अलंकृत किया था। इसी प्रकार राष्ट्रकवि गिरिजा कुमार माथुर कालजयी गीत हम होंगे कामयाब एक दिन के रचयिता, जिनका प्रशस्ति शिलालेख गायब है और क्रांतिकारी लेखक श्री कृष्ण सरल क्रांतिकारियों पर 450 से अधिक पुस्तकें लिखने वाले लेखक, जिनकी राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत पंक्तियां यात्रियों में ऊर्जा भरती थीं।

# तालाब की पार तोड़ने वाले रसूखदारों के खिलाफ कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला अंतर्गत आने वाले ग्राम डुगासरा में शासकीय मगरदा तालाब की पार को कुछ रसूखदार ग्रामीणों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए जेसीबी मशीन से तोडने का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित डुगासरा, लहरकोता, सगोरिया, मिनख्याई और चतराई सहित पांच गांवों के सैकड़ों किसान और ग्रामीण लामबंद होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाधीश के नाम एक शिकायती पत्र सौंपकर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और तालाब की पार को दोबारा ठीक कराने की पुरजोर मांग उठाई है।

प्रशासन को सौंपे गए शिकायती पत्र में पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा निर्मित मगरदा तालाब से क्षेत्र के डुगासरा, लहरकोता, सगोरिया, मिनख्याई और चतराई आदि आधा दर्जन गांवों की सैकड़ों बीघा कृषि भूमि की सिंचाई होती है। इस वर्ष भी तालाब में अच्छा-खासा जलभराव हुआ था, जिससे किसानों को खरीफ और रबी की फसलों के लिए सिंचाई की उम्मीद थी। लेकिन ग्राम डुगासरा निवासी अनावेदक मुन्ना शर्मा पुत्र हरिचरण शर्मा, अमोल सिंह धाकड़ पुत्र निरपत सिंह धाकड़ और चौड़ा चक्क निवासी दिलीप कुशवाह ने अपने निजी स्वार्थ के चक्कर में तालाब की पार को जेसीबी लगवाकर तुड़वा दिया ताकि तालाब का पूरा पानी बह जाए और वे सूखी हुई डूब की जमीन पर अपनी हकाई-जुताई कर फसल बो सकें।

ग्रामीणों के अनुसार इन लोगों की भूमि डूब क्षेत्र में आई थी, उसका उचित मुआवजा शासन द्वारा इन्हें पूर्व में ही दिया जा चुका है। मुआवजा राशि प्राप्त करने के बावजूद केवल अपने दोहरे लाभ और फसल उगाने के लालच में इन लोगों ने पूरे क्षेत्र के किसानों के हितों को ताक पर रखकर तालाब को भारी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों ने जिलाधीश से गुहार लगाई है कि इस कृत्य से आगामी समय में पांचों गांवों के सामने सिंचाई और मवेशियों के लिए पानी का गहरा संकट खड़ा हो जाएगा, इसलिए आरोपियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी संपत्ति के साथ ऐसा खिलवाड़ न कर सके। शिकायत कराने वालों में मुख्य रूप से सुरेश साहू, मनोल, मोहनसिंह, राजेंद्र, भगवानलाल, वीरसिंह, बलवीर धाकड़, फूलसिंह, प्रमोद, प्रसन, सजीव, नरेश, कारखानासंद, महेश, देवेंद्र, तोरनप्रसाद, इमरतलाल, अमनराम, मेहरबान सिंह, हरिओम और राजपुर सहित भारी संख्या में पांचों गांवों के समस्त प्रार्थी और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।